NNI
हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता
हमारा धर्म
निष्पक्षता
हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष:06, अंक:–13, पृष्ठ: 12 | रविवार, 19 जुलाई, 2026 | मूल्य– 03.00 रुपये मात्र

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

जल्द

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

का दैनिक समाचार पत्र

## स्थापना दिवस व

## एनएनआई गौरव सम्मान




Supported By

PRIDE @ 25
PRELUDE : REFLECTING INSPIRATION, DEDICATION & EXCELLENCE
PRELUDE PUBLIC SCHOOL, AGRA

MOTION ACADEMY
IIT-JEE | Foundations | NEET

BPA Balaji™
Properties Arcade

park exports

HOTEL PALM GALAXY

IndianOil GANGA GAS DISTRIBUTOR

IndianOil THAPAR GAS SERVICE

IndianOil DHEERAJ GAS SERVICE

SERVI EVENTS & WEDDING PLANNER

K. B. Jewellers & Sons

**चेयरमैन**
**स्वतंत्र कुमार 'सुनील'**

**प्रबंध निदेशक**
**बृजेश सिकरवार**

**प्रबंधन समिति :**

अरविंद सिंह (प्रधान सम्पादक), नीता अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, मनीष अग्रवाल (जॉली), प्रो. पंचशील शर्मा, विजय बंसल, राजीव पाराशर, अंकुश, मधुर बंसल, पुनीत जैन, विकास गोयल, गौरव लोधी

# ईरान के खुजेस्तान में 5 तीव्रता का भूकंप: इमरजेंसी अलर्ट

## रेस्क्यू टीमें तैनात; अमेरिका ने लगातार 8वीं रात हमला किया

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी खुजेस्तान प्रांत में रविवार सुबह 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद प्रांतीय प्रशासन ने इमरजेंसी अलर्ट जारी कर राहत और बचाव एजेंसियों को पूरी तरह एक्टिव कर दिया।

खुजेस्तान के गवर्नर सैयद मोहम्मद रजा मौलाइजादेह ने बताया कि प्रभावित इलाकों में टीमें भेजी गई हैं और हालात का लगातार जायजा लिया जा रहा है। आईएमडी के मुताबिक, भूकंप करीब 12 किलोमीटर की गहराई पर आया। इस बीच अमेरिका ने लगातार आठवीं रात भी ईरान पर हवाई हमले किए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने खुद इन हमलों को मंजूरी दी थी और यह कार्रवाई जॉर्डन में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत के जवाब में की गई है।

ईरान का करीब 90% हिस्सा भूकंप के खतरे वाले क्षेत्र में है। कई शहर धरती की दरारों (फॉल्ट लाइन) के पास बसे हैं। इसलिए छोटे भूकंप के झटके भी वहां तेज महसूस होते हैं। इसके साथ ही कई जगह पुराने और कमजोर मकान हैं, जो हल्के झटकों में भी टूट सकते हैं। इसी वजह से ईरान में छोटे भूकंप भी कई बार बड़ा नुकसान कर देते हैं। ईरान में 2003 के बाम भूकंप (6.6 तीव्रता) में 26 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।



**तुर्किये और सीरिया तक नई तेल पाइपलाइन बिछाएगा इराक**

इराक सरकार बसरा से किरकुक होते हुए तुर्किये के सेहान बंदरगाह और सीरिया के बनियास तक नई रणनीतिक तेल पाइपलाइन बिछाने की योजना पर अध्ययन कर रही है। इसकी जानकारी इराक के तेल मंत्री बसीम मोहम्मद खुदैर ने वॉशिंगटन में दी।

खुदैर ने कहा कि तेल मंत्रालय की रणनीति तेल निर्यात के रास्तों में विविधता लाने और केवल होर्मुज पर निर्भर नहीं रहने की है। इसी उद्देश्य से पाइपलाइन परियोजना का अध्ययन किया जा रहा है। इराक, जो ओपेक का दूसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है, वर्षों से अपने अधिकांश कच्चे तेल के निर्यात के लिए होर्मुज पर निर्भर रहा है।

**अमेरिका के साथ समझौते से पीछे हटा ईरान:** ईरान ने अमेरिका के साथ एक महीने पहले हुए समझौते से पीछे हटने का ऐलान किया है। ईरान के उप विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका ने खुद समझौते का उल्लंघन किया, इसलिए वे भी उसकी शर्तों का पालन नहीं करेंगे।

**अमेरिकी हमलों में 50 लोगों की मौत, 500 घायल:** ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि 27 जून से 18 जुलाई के बीच अमेरिकी हवाई हमलों में 50 लोगों की मौत हुई है, जबकि 500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

**जंग में डिसैलिनेशन प्लांट बने निशाना:** कुवैत ने दावा किया कि ईरान ने उसके एक डिसैलिनेशन प्लांट पर हमला किया है। वहीं, ईरान ने भी दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के होर्मोजगान में एक डिसैलिनेशन प्लांट पर हमला किया है।

**अमेरिकी हमलों में दो पुल क्षतिग्रस्त:** अमेरिकी हमले में बंदर अब्बास-रूदान मार्ग पर स्थित दो पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, जस्क के पास एक इलाके पर भी सैन्य हमला हुआ।

**होर्मुज में जहाजों की आवाजाही निचले स्तर पर:** होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की संख्या तीन हफ्तों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। शिप ट्रैकिंग वेबसाइट मरीन ट्रैफिक के मुताबिक, गुरुवार को स्ट्रेट से सिर्फ 8 जहाज गुजरे।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्ती

## जघन्य मामलों में नामजद अधिवक्ता नहीं कर सकेंगे वकालत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सात साल से ज्यादा की सजा वाले जघन्य मामलों में नामजद वकील वकालत नहीं कर सकेंगे। बेगुनाह साबित होने से पहले वे किसी कोर्ट में न पेश होंगे न ही बहस करेंगे। उनका ट्रायल भी उनके गृह जनपद से सौ किलोमीटर दूर दूसरे जिले में होगा।

प्रदेश के दागी वकीलों पर सख्त टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने कहा कि जब सत्ता और अधिकार रखने वाले लोग अन्याय के सामने मूकदर्शक रहते हैं तो उसका दुष्परिणाम केवल अपराधी तक सीमित नहीं रहता बल्कि निर्दोष लोगों और आने वाली पीढ़ियों को भी कीमत चुकानी पड़ती है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसे तत्वों की मौजूदगी न केवल न्यायिक प्रक्रिया को कमजोर कर रही है बल्कि यह एक गंभीर संस्थागत और नैतिक संकट भी उत्पन्न कर रही है।

इटावा के एक वकील की याचिका पर 61 पेज के अपने फैसले में कोर्ट ने यूपी बार काउंसिल के सचिव को फर्जी डिग्रीधारी 105 वकीलों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की एफआईआर कराने व उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का आदेश दिया है। साथ ही सुझाव दिया कि अधिवक्ता पंजीकरण के लिए पुलिस वेरिफिकेशन को अनिवार्य किया जाए। बार काउंसिल व विश्वविद्यालयों के बीच डिजिटल लिंक स्थापित हो ताकि डिग्रियों का रियल-टाइम सत्यापन संभव हो सके। कोर्ट ने दिए गए निर्देशों की अनुपालन आख्या तलब करते हुए मामले को 20 अगस्त को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

### यूपी में ओवैसी का बड़ा एलान

## भाजपा को हराने के लिए गठबंधन को तैयार



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि दूसरे राजनीतिक दल हम पर आरोप लगाते हैं कि हमारी पार्टी सांप्रदायिक पार्टी है। हम कभी किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है। भाजपा को रोकने के लिए अन्य पार्टियों से गठबंधन करने के लिए तैयार हूं।

मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि आपकी नाक के नीचे चोरी हो गई, जो स्कैनर लगना था। वह आस्था के लिए नहीं, बल्कि लूट के लिए लगाया गया। सांसद असदुद्दीन ओवैसी शनिवार को चिलकाना रोड पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने भाजपा, कांग्रेस और सपा पर निशाना साधा। कहा कि आपने सबसे अधिक बार कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता में बैठाया। इसके बावजूद सबसे अधिक बेरोजगार हमारे समाज में है। भाजपा सरकार जुल्म कर रही है। जहां पर भी मस्जिद को तोड़ने की बात होगी। हम अपनी आवाज संविधान के दायरे में उठाएंगे।

# यूक्रेन का रूस पर बड़ा ड्रोन हमला, 9 की मौत

**मॉस्को/कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच पिछले साढ़े चार साल से जारी जंग थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच यूक्रेन ने रूस के भीतर एक बड़ा ड्रोन हमला करते हुए मॉस्को के पास स्थित दो बड़े गोदामों और एक तेल डिपो को निशाना बनाया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इन हमलों के बाद कई जगहों पर भीषण आग लग गई। इसके बाद आसपास के इलाकों को एहतियातन खाली करा लिया गया।




रूस के अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के ड्रोन ने प्रमुख ऑनलाइन रिटेल कंपनी वाइल्डबेरीज के दो बड़े गोदामों को निशाना बनाया। इनमें एक तांबोव क्षेत्र के कोतोव्स्क और दूसरा मॉस्को से करीब 50 किलोमीटर दूर इलेक्ट्रोस्टाल शहर में स्थित है। इसके अलावा नोगिंस्क स्थित एक तेल डिपो पर भी ड्रोन से हमला हुआ। हमले के बाद वहां आग लग गई और आसपास के अस्पताल व रिहायशी इमारतों को खाली कराना पड़ा। तांबोव क्षेत्र के गवर्नर ने बताया कि कोतोव्स्क स्थित गोदाम पर हुए हमले सात कर्मचारियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। जिस वक्त यह हमला हुआ उस वक्त नाइट शिफ्ट के कर्मचारी वहां काम कर रहे थे। वहीं मॉस्को रीजन में अलग-अलग हमलों में 37 लोग घायल हुए। बेलगोरोद रीजन में हुए एक अन्य ड्रोन हमले में भी एक व्यक्ति की मौत और एक अन्य के घायल होने की पुष्टि हुई है।

# राम मंदिर ट्रस्ट को लेकर निर्मोही अखाड़ा पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े मामले में निर्मोही अखाड़ा ने सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दाखिल की है। अखाड़े का कहना है कि 2019 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के करीब सात साल बाद भी उसका सही तरीके से पालन नहीं हुआ है। याचिका में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन तो किया, लेकिन इसमें ऐसे लोगों को शामिल किया गया जिनका राम जन्मभूमि से कोई ऐतिहासिक, धार्मिक या कानूनी संबंध नहीं है। अखाड़े ने यह भी आरोप लगाया है कि ट्रस्ट के कुछ सदस्यों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, जिससे राम मंदिर की छवि पर असर पड़ा है।

निर्मोही अखाड़ा का कहना है कि किसी भी मंदिर का संचालन उसके पारंपरिक सेवायत (शेबैत) के बिना नहीं हो सकता। इसलिए ट्रस्ट में अखाड़े को उचित भूमिका और प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से कई अहम मांगें की गई हैं। इसमें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को एक



सार्वजनिक ट्रस्ट के रूप में दोबारा गठित करने, ट्रस्टियों की नियुक्ति के लिए साफ नियम बनाने और निर्मोही अखाड़े को उचित जगह देने की मांग शामिल है।

इसके अलावा अखाड़े ने कहा है कि मंदिर में सभी पूजा, सेवा और भोग रामानंदी परंपरा के अनुसार कराए जाएं। याचिका में श्री रामलला विराजमान की मूल मूर्तियों को फिर से स्थापित करने की भी मांग की गई है। निर्मोही अखाड़ा ने सुप्रीम कोर्ट से यह भी मांग की है कि 2019 के फैसले के पालन की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति बनाई जाए और राम मंदिर ट्रस्ट के सभी वित्तीय लेन-देन का फोरेंसिक ऑडिट कराया जाए।

अखाड़े ने कोर्ट से आग्रह किया है कि वह केंद्र सरकार को ट्रस्ट डीड में उचित संशोधन करने और 'रामानंदी बैरागी संप्रदाय' के सदस्यों वाले एक निगरानी बोर्ड को शामिल करके 'बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज' (न्यासी मंडल) का पुनर्गठन करने का निर्देश दे। साथ ही, यह भी मांग की गई है कि ट्रस्टियों का चयन उच्च सत्यनिष्ठा वाले उन लोगों में से किया जाए जिनका श्री राम जन्मभूमि या रामानंदी परंपराओं से ऐतिहासिक, कानूनी या धार्मिक संबंध रहा हो।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com प्रबंधन समूह- नीता अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, मनीष अग्रवाल जॉली, प्रो पंचशील शर्मा, विजय बंसल, राजीव पाराशर, अंकुश, मधुर बंसल, पुनीत जैन, विकास गोयल, गौरव लोधी।
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
रविवार, 19 जुलाई, 2026


# जम्मू में बादल फटे, 8 मौतें

## सभी यात्राएं स्थगित, 250 गाड़ियां बहीं, यूपी-बिहार समेत 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट





**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में देर रात 3 बजे भारी बारिश के बाद फ्लैश फ्लड आ गई। इससे धारहाल नदी उफान पर है और न्यू बस स्टैंड बेला इलाके में पानी भर गया। करीब 200 से 250 गाड़ियां बह गईं। उधर, पुंछ में रातभर हुई भारी बारिश के कारण 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य अब भी लापता हैं। वहीं, किश्तवाड़ जिले के डच्छन के सुर्नू इलाके में बादल फटने से लोगों के घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग की ओर से 23 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी किए जाने के बाद प्रशासन ने एहतियातन अमरनाथ यात्रा, माता वैष्णो देवी यात्रा और शिवखोड़ी यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है।

देश में मानसून के दूसरी बार एक्टिव होने से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश जारी है। रविवार को भी उत्तराखंड और सिक्किम, बंगाल के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड में शनिवार को लैंडस्लाइड के बाद केदारनाथ यात्रा के रूट पर घोड़े- खच्चरों की सेवाएं रोक दी गईं और कैलाश-मानसरोवर यात्रियों का एक जत्था भी रुक गया।

**अरुणाचल में बाढ़ से डेढ़ लाख प्रभावित, केदारनाथ रूट पर लैंडस्लाइड**

अरुणाचल में बाढ़ और भूस्खलन के इस दौर में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है, 29 लोग घायल हुए हैं और 1,49,257 लोग प्रभावित हुए हैं। मानसून की मार से कुल 26 जिले, 328 सर्कल और 576 गांव प्रभावित हुए हैं। इधर, पिथौरागढ़ में, कैलाश-मानसरोवर यात्रा का चौथा जत्था, जिसमें 50 तीर्थयात्री शामिल हैं धारचूला बेस कैंप में रोक दिया गया है। बेस कैंप के इंचार्ज धन सिंह बिष्ट ने बताया कि गरबाधार में भूस्खलन के कारण गुंजी जाने वाला रास्ता बंद हो गया है।

## सर्वदलीय बैठक में हंगामा, विपक्ष का वॉकआउट

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले संसद भवन एनेक्सी में सर्वदलीय बैठक जारी है। मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। विपक्षी सांसदों ने बैठक से वॉकआउट किया है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा, आज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आम आदमी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, वाम दलों और शिवसेना (यूबीटी) समेत पूरा विपक्ष सर्वदलीय बैठक से विरोध जताते हुए बाहर निकल गया। इसकी वजह यह है कि कथित एनसीपीआई, जो एक गैर-मान्यता प्राप्त दल है, उसे बैठक में शामिल किया गया। उन्होंने कहा, टेबल ऑफिस (संसदीय दस्तावेज और व्यवस्था संभालने वाला विभाग) की ओर से दी गई सूची में अखिल भारतीय तृणमूल



कांग्रेस की ताकत 28 सांसद दिखाई गई है। इन कथित 20 बागी सांसदों के विलय को अभी तक लोकसभा अध्यक्ष ने मंजूरी नहीं दी है। इन 20 सांसदों की अयोग्यता से जुड़ी याचिकाएं अब भी लंबित हैं।

महुआ मोइत्रा ने कहा, 91वें संविधान संशोधन के बाद किसी अलग गुट के बनने की कोई गुंजाइश नहीं है। ऐसे में संसदीय कार्य मंत्री ने किस आधार पर इन 20 बागी सांसदों को निमंत्रण दिया और वे इस बैठक में कैसे शामिल हो रहे हैं?

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, कांग्रेस ने संविधान की रक्षा के लिए बैठक से वॉकआउट किया है। अंतिम फैसला आने से पहले ही कोई अनुमान लगाना पूरी तरह असंवैधानिक है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा, उन्हें (बागी सांसदों को) दी गई मान्यता, कानून की किताबों में यह शब्द कहां है? हमने भी इसका विरोध किया है और सदन से वॉकआउट किया है। आम आदमी पार्टी के सांसद एनडी गुप्ता ने कहा, हमारे मामले में राज्यसभा के 10 सांसदों में से 7 को अलग कर लिया गया है और यह तय करने के लिए हमारी याचिका लंबित है कि यह सही है या नहीं। इसके बावजूद उन्हें राज्यसभा में अलग से स्वतंत्र सीटें दे दी गई हैं।

## वांगचुक को सफदरजंग से शिफ्ट करने की मांग, हाईकोर्ट में याचिका



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक की पत्नी ने उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल में शिफ्ट करने की मांग की है। पत्नी गीतांजलि आंगमो ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। आंगमो का कहना है कि उन्हें सफदरजंग अस्पताल पर भरोसा नहीं है। यह एक गैरकानूनी डिटेंशन जैसा बन गया है।

सोनम वांगचुक की तरफ से उनके सोशल मीडिया पर लिखा गया कि 20 जुलाई को आजादी का दूसरा आंदोलन है। पेपर लीक जैसे अन्याय से आजादी और मेरी अवैध हिरासत जैसे डर से आजादी।



# भूरा से जमील बनकर रह रहा था दो पुलिसकर्मियों का हत्यारा

## 27 साल बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया 50 हजार का इनामी



एनएनआई

**आगरा।** 27 साल पहले 2 पुलिसवालों की हत्या करने वाला भोपाल से पकड़ा गया। उसको पकड़ने के लिए आगरा पुलिस ने 2 महीने तक भोपाल में रेकी की। इसमें पता चला कि आरोपी पुलिस से बचने के लिए खुद को मृत घोषित कर चुका था। उसने अपना नाम भी भूरा से बदलकर जमील रख लिया था।

इसके बाद वह भोपाल में ट्रक ड्राइवर के रूप में जीवन बिता रहा था। लेकिन, बकरीद की दावत पर उसके एक साथी ने यह बात भूरा के जीजा को बता दी। धीरे-धीरे यह बात पुलिस को पता चल गई। इसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने भूरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस भूरा को शनिवार दोपहर 2 बजे आगरा लेकर आई और मीडिया के सामने पेश किया। पुलिस ने उस पर 50 हजार रुपए का इनाम भी रखा था।

डीसीपी पश्चिम आदित्य कुमार ने बताया- भूरा कुख्यात रमेश कुशवाह गैंग का सक्रिय सदस्य था। वह महोबा के जैतपुर का रहने वाला था। यह गैंग लूट, अपहरण और हत्या जैसी वारदात में शामिल रहा है। करीब 27 साल पहले, पुलिस ने गैंग के हथियारों का जखीरा पकड़ लिया था। इसके करीब 10 दिन बाद 31 दिसंबर, 1999 की रात बदमाशों ने पुलिसकर्मियों से हथियार लूटने की साजिश रची।

उस रात खेरागढ़ में गश्त पर तैनात 3 पुलिसकर्मी ठंड से बचने के लिए अलाव ताप रहे थे। भूरा अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और अलाव तापने के बहाने पुलिसकर्मियों के पास बैठ गया। मौका मिलते ही उसने तमंचे से तीनों पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। इस हमले में कॉन्स्टेबल कमल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कॉन्स्टेबल चरन सिंह ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीसरा पुलिसकर्मी घायल हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने गैंग के खिलाफ अभियान चलाया। गैंग लीडर रमेश कुशवाह भिंड में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। दूसरा बदमाश नरेंद्र जालौन में हुई कार्रवाई में ढेर हो गया। जबकि 5 अन्य बदमाश गिरफ्तार किए गए। उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई। लेकिन, भूरा पुलिस के हाथ नहीं लगा। भागकर वह जंगलों में छिपता रहा। फिर वह इटारसी में मजदूरी करने लगा। इसके बाद भोपाल में बिल्डिंग बनाने के काम से जुड़ गया और आखिर में ट्रक ड्राइवर बन गया।

### नाम बदला, खुद को मृत भी घोषित कराया

पुलिस जांच में सामने आया कि भूरा ने अपनी पहचान छिपाने के लिए खुद को मृत घोषित करा दिया था। फिर उसने अपना नाम बदलकर जमील पुत्र फारुख रख लिया। इसके बाद मध्यप्रदेश में ट्रक ड्राइवर बनकर रहने लगा।

### बकरीद की दावत से पुलिस को मिला क्लू

पुलिस के मुताबिक, हाल ही में भूरा का एक पुराना साथी जेल से रिहा हुआ। मई महीने में बकरीद पर भूरा का वही साथी उसके जीजा से मिला। शराब पार्टी के दौरान साथी ने जीजा को बता दिया कि 2 साल पहले भूरा से उसकी बात हुई थी। यह बात खेरागढ़ थाना प्रभारी हरीश कुमार को पता चल गई। फिर पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपी को गिरफ्तार किया। पहले तो वह पुलिस को बरगलाता रहा, लेकिन सख्ती करने पर उसने सच कबूल दिया। डीसीपी पश्चिम आदित्य कुमार ने बताया कि भूरा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।



### एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा टला

## नींद की झपकी से डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंची इनोवा

एनएनआई

**फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार को चालक को नींद की झपकी आने से बड़ा हादसा टल गया। फतेहाबाद क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 32.300 पर वाराणसी से शमशाबाद (आगरा) जा रही एक इनोवा क्रिस्टा अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। उस समय दूसरी लेन से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

जानकारी के अनुसार, इनोवा क्रिस्टा को शमशाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर कस्बा निवासी 43 वर्षीय राजेंद्र सिंह पुत्र रामावतार सिंह चला रहे थे। वाहन में उनकी पत्नी, परिवार के अन्य सदस्य और पड़ोसी सहित कुल सात वयस्क एवं चार बच्चे सवार थे।

बताया गया कि लखनऊ से आगरा की ओर आते समय चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार डिवाइडर पार कर आगरा से लखनऊ वाली लेन में पहुंच गई।

हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। हालांकि कार का अगला हिस्सा तथा स्टेपनी क्षतिग्रस्त हो गई। चालक ने वाहन की मरम्मत कराने के बाद परिवार के साथ अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गया।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।


\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# बुजुर्ग महिला को कोरोना संक्रमण

## जांच में पुष्टि हुई, एसएन के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती

एनएनआई



**आगरा।** कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। शहर में कोरोना संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। खांसी और सांस फूलने की समस्या से जूझ रहीं एक बुजुर्ग महिला ने सदर स्थित सेना अस्पताल में प्राथमिक उपचार लिया। राहत न मिलने पर पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती हुई। यहां जांच में कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि होने पर एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

रकाबगंज थाना क्षेत्र के निवासी हिरेंद्र कुमार (हीरो) की 77 वर्षीय माता सरूपी देवी पिछले कुछ दिनों से गंभीर खांसी और सांस फूलने की समस्या से जूझ रही थीं। हिरेंद्र कुमार अपनी माता की बिगड़ती हालत को देखकर पहले सदर स्थित सेना अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक जांच के बाद उन्हें किसी अन्य अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। इसके बाद पिछले रविवार 12 जुलाई को उन्होंने मां को पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने कई जांचें कीं, जिसकी रिपोर्ट आने पर रविवार दोपहर 12 बजे बुजुर्ग महिला के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट आते ही पुष्पांजलि हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने परिजनों को मरीज को लखनऊ या जयपुर ले जाने को कह दिया।

हिरेंद्र अपनी गंभीर रूप से बीमार माता को लेकर एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उस वक्त अस्पताल में कोई विशेष कोरोना वार्ड सक्रिय नहीं था। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि शनिवार को पुष्पांजलि हॉस्पिटल से रेफर होकर एक गंभीर मरीज परिसर पहुंचा। मरीज में कोरोना के लक्षण देखते हुए इमरजेंसी में आइसोलेशन वार्ड में उन्हें शिफ्ट किया गया है। डॉ. गुप्ता के मुताबिक, मरीज फिलहाल ऑक्सीजन सपोर्ट पर है और जल्द ही कोविड टेस्ट किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बेहद गंभीर मामला है और पूरी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बादल छाए, अगले 2 दिन भारी बारिश के आसार

एनएनआई



**आगरा।** रविवार सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। हवा शांत है। ऐसे में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। दिन में एक या दो बार बूंदाबांदी हो सकती है। 20 और 21 जुलाई को आगरा में भारी बारिश का अलर्ट है। इस बीच तेज हवाएं भी चल सकती हैं। 24 जुलाई तक रुक-रुक कर बारिश के आसार हैं।

शनिवार को भी भीषण उमस रही। सुबह जरूर हल्की बूंदाबांदी हुई थी, लेकिन दिन में उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। इधर, आगरा में मानसून जोर नहीं पकड़ पा रहा है। हालांकि अब तक सामान्य से 19 फीसदी अधिक बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। बारिश कम होने की वजह से उमस काफी बढ़ी हुई है। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है।

शनिवार सुबह बूंदाबांदी हुई। मगर, इससे उमस से राहत नहीं मिली है। शुक्रवार को आगरा में भीषण गर्मी रही। तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के पार है। हालांकि शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार को गर्मी थोड़ी कम रही। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# हाईवे पर खड़ा ट्रक बना काल

## टक्कर के बाद कार के उड़े परखच्चे, मां और 8 साल के बेटे की मौत

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर क्षेत्र के नए बाईपास पर बिल्टीगढ़ पुल के पास शनिवार शाम खड़े ट्रक में आगरा की ओर से आ रही कार घुस गई। कार सवार मां-बेटे की मौके पर मौत हो गई। घटना में मृतका के पति और दो साल की बेटी को भी चोटें आई हैं। चालक भी घायल है। तीनों उपचाराधीन हैं।

पुलिस के अनुसार, कार में मैनपुरी के थाना कुरावली स्थित पुराने डाकखाने वाली गली निवासी सचिन वर्मा पुत्र राजेश कुमार, जो कि सर्राफ हैं। वह अपनी पत्नी राखी वर्मा (30), बेटे अग्रिम (8) और बेटी आराध्या (2) के साथ आगरा की ओर से मैनपुरी लौट रहे थे। कार को चालक यश प्रताप सिंह निवासी कुरावली चला रहा था। बिल्टीगढ़ी चौराहा के पास हाईवे पर किनारे खड़े ट्रक में तेज रफ्तार में जा घुसी। कार से परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही राखी वर्मा और बेटे अग्रिम की मौत हो गई। सचिन कुमार, चालक यश प्रताप और बेटी आराध्या घायल हो गई। इन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा संयुक्त चिकित्सालय, शिकोहाबाद में भर्ती कराया है।

**अवैध पार्किंग बनी काल, पुलिस के खिलाफ फूटा गुस्सा**



पुलिस के समक्ष ग्रामीणों का आरोप था कि बिल्टीगढ़ पुल के पास स्थित शराब के ठेके की वजह से अक्सर असामाजिक तत्व और वाहन चालक अपने वाहनों को सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ा कर देते हैं। इस बेतरतीब पार्किंग के कारण आए दिन हाईवे पर हादसे होते रहते हैं। हादसे की सूचना के बाद भी काफी देर से पहुंचने पर ग्रामीणों ने बिल्टीगढ़ चौकी प्रभारी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए सीओ शिकोहाबाद शेखर सेंगर और एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी भी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थिति को संभाला।

**आधे घंटे तक ठप रहा हाईवे का आवागमन**

हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब आधे घंटे तक वाहनों के पहिए पूरी तरह थम गए और लंबा जाम लग गया। मक्खनपुर पुलिस ने कड़ी मशक्कत और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात को सुचारू कराया। सीओ ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दूसरे समुदाय के युवक संग बांके बिहारी मंदिर पहुंची युवती

## पहचान खुलते ही हंगामा

एनएनआई

**मथुरा।** ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे हिंदू युवती संग दर्शन करने पहुंचे दूसरे समुदाय युवक लेकर शनिवार शाम बखेड़ा हो गया। मंदिर में दर्शन कराने वाले दर्शन कराने साथ आए गाइड को किए गए ऑनलाइन भुगतान के बाद युवक की पहचान सामने आई जिसके बाद बखेड़ा खड़ा हो गया। लोगों ने दोनों को रोककर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों से पूछताछ शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार दिल्ली निवासी युवक और गाजियाबाद निवासी युवती शनिवार शाम बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। मंदिर में दर्शन कराने के लिए उन्होंने एक युवक से संपर्क किया। युवक ने 200 रुपये में दर्शन कराने की बात तय की। दर्शन के बाद युवक ने ऑनलाइन माध्यम से भुगतान किया।

भुगतान के दौरान युवक का नाम सामने आने पर दर्शन कराने गए युवक को संदेह हुआ। इसके बाद उसने अपने परिचितों को मौके पर बुला लिया। लोगों ने दोनों को बांकेबिहारी पुलिस चौकी पहुंचाया जहां कुछ देर पूछताछ के बाद दोनों को वृंदावन कोतवाली लाया गया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि युवक और युवती की मुलाकात दिल्ली में हुई थी। दोनों एक ही कंपनी में नौकरी करते थे। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे एक-दूसरे को अच्छे दोस्त के रूप में जानते हैं। दोनों हाल ही में मनाली घूमने गए थे और वहां से वृंदावन दर्शन के लिए आए थे। पुलिस ने दोनों के परिवारों को सूचना देकर बुलाया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज में कार नहीं मिली तो विवाहिता को घर से निकाला

## पति समेत छह ससुरालियों पर दर्ज कराया केस

एनएनआई

**हाथरस।** महिला थाने में दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। सिकंदराराऊ निवासी जाकिर की तहरीर पर उनकी बहन नजराना के पति और ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जाकिर के अनुसार, उनकी बहन नजराना का निकाह 16 अगस्त 2020 को कासगंज निवासी लईक अहमद उर्फ भूरा के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह में परिवार ने करीब 15 लाख रुपए खर्च किए थे और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज, जेवरात तथा घरेलू सामान भी दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति लईक अहमद, सास सलमा बेगम, ननद नगमा, ननद निदा, जेठ मुकीम




समेत अन्य ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में कार और नकदी की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर नजराना के साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की जाने लगी।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि कई बार समझौते के प्रयास के बावजूद ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। इसी दौरान पति और अन्य परिजनों ने दुकान खोलने के नाम पर नजराना की मां के जेवर अपने पास रखवा लिए। इनमें सोने का हार, एक जोड़ी झाले, चार चूड़ियां और एक सोने की चेन शामिल थी। आरोप है कि न तो दुकान खोली गई और न ही जेवर वापस किए गए।

नजराना ने जब जेवर वापस मांगे तो ससुरालियों ने कहा कि कासगंज स्थित मकान बिकने के बाद जेवर लौटा दिए जाएंगे। शिकायत के अनुसार, कई महीनों तक यही आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन मकान बिकने के बाद भी जेवर वापस नहीं किए गए। पीड़िता का आरोप है कि बाद में उसके साथ मारपीट कर उसे सिकंदराराऊ के मोहल्ला कुरेशियान स्थित मायके छोड़ दिया गया। ससुराल पक्ष ने कथित तौर पर धमकी दी कि यदि कार की मांग पूरी नहीं हुई तो उसका पति दूसरी शादी कर लेगा। महिला थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 23 जुलाई से आगरा कैंट-कोलकाता के बीच चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

एनएनआई

**आगरा।** सावन और आगामी त्योहारी सीजन में बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने आगरा कैंट और कोलकाता के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन 23 जुलाई से 25 सितंबर 2026 तक दोनों दिशाओं में कुल 10-10 फेरे लगाएगी। इससे उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 01911 प्रत्येक गुरुवार को 23 जुलाई से 24 सितंबर 2026 तक आगरा कैंट से सुबह 3:40 बजे रवाना होगी। वहीं, वापसी में गाड़ी संख्या 01912 प्रत्येक शुक्रवार को



24 जुलाई से 25 सितंबर 2026 तक कोलकाता से प्रस्थान कर आगरा कैंट पहुंचेगी।

**टूंडला समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा ठहराव**

यह विशेष ट्रेन मार्ग में टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, प्रयागराज (सूबेदारगंज), पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, गया, धनबाद, आसनसोल, बर्धमान, बैंडेल और नैहाटी सहित कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इससे रास्ते में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी।

**19 कोच के साथ चलेगी स्पेशल ट्रेन**

यात्रियों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में कुल 19 आईसीएफ कोच लगाए गए हैं। इनमें 10 स्लीपर, 4 सामान्य (जनरल), 2 एसी थर्ड, 1 एसी सेकेंड और 2 एसएलआर/डी कोच शामिल हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सावन और आगामी त्योहारों के दौरान लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए इस विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, जिससे नियमित ट्रेनों पर दबाव कम होगा और यात्रियों को यात्रा में राहत मिलेगी।

# कत्थक के माध्यम से जीवंत हुई चार युगों की गाथा, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध




- कालिंदी इंस्टीट्यूट ऑफ डांस एंड म्यूजिक के 22वें स्थापना दिवस पर मेगा डांस शो का आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** कालिंदी इंस्टीट्यूट ऑफ डांस एंड म्यूजिक के 22वें स्थापना दिवस पर खंदारी परिसर स्थित जेपी सभागार में आयोजित मेगा डांस शो ह्युगों की कहानी, कत्थक की जुबानीह में भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और सनातन परंपराओं की मनोहारी झलक देखने को मिली। करीब 125 बाल एवं युवा कलाकारों ने कत्थक के माध्यम से सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर और कलियुग की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक यात्रा को मंच पर सजीव कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. गिरधर शर्मा, त्रिलोक सिंह राणा, ओशिन शर्मा और ब्रह्माकुमारी अश्विना दीदी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने सभागार को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। संस्थान की निदेशक रोशनी गिडवानी ने कहा कि यह प्रस्तुति केवल नृत्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और सनातन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है। गंभीर प्रस्तुतियों के बीच नन्हे कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पर आधारित प्रस्तुति से माहौल को हल्का बनाया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं 'छाप तिलक सब छीनी' पर प्रस्तुत सूफी नृत्य ने प्रेम, सौहार्द और आध्यात्मिक एकता का संदेश दिया। अंतिम चरण में कलियुग और भगवान कल्कि अवतार की प्रस्तुति के माध्यम से धर्म की विजय का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नृत्य-नाटिका के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया। समारोह में अभिभावकों को सम्मानित किया गया तथा प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन जीविशा गिडवानी ने किया, जबकि व्यवस्थाओं का संचालन हरीश गिडवानी और राहुल ने संभाला।

# सुंदरकाण्ड पाठ के साथ शुरू हुआ टैक्सेशन बार का 58वां स्थापना दिवस समारोह

- वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ
- आज स्मारिका 'चिरंतन' का विमोचन, वरिष्ठ अधिवक्ताओं का होगा सम्मान

एनएनआई



**आगरा।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन के 58वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ शनिवार को जयपुर हाउस स्थित राज्य कर भवन के बार रूम में धार्मिक अनुष्ठानों और सुंदरकाण्ड पाठ के साथ हुआ। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने संगठन की प्रगति, एकता और न्यायिक कार्यों में सफलता की कामना की। समारोह का शुभारंभ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राज किशोर खण्डेलवाल ने दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ किया। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के प्रथम दिन सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया, जिसका वाचन एवं संचालन पंडित बृज किशोर खण्डेलवाल के सान्निध्य में संपन्न हुआ। पाठ के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। महासचिव अखिलेश भटनागर ने बताया कि सुंदरकाण्ड पाठ के बाद महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से भाग लिया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में कर अधिवक्ताओं और बार के सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए संस्था की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

उन्होंने बताया कि रविवार को स्थापना दिवस समारोह के तहत बार की स्मारिका 'चिरंतन' का विमोचन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल करेंगे। साथ ही 50 वर्ष का अधिवक्ता जीवन पूर्ण कर चुके वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में राम मोहन सिंह कोटिया, अनुराग गुप्ता, परमेंद्र पाल सिंह, अब्दुल अख्तर खान, संचित अग्रवाल, अभिनव बंसल, राकेश सारस्वत, मोहित अग्रवाल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, सुनील आनंद, राजेंद्र प्रसाद दीक्षित, सोमेंद्र जैन, मुनील अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, वैभव जैन, जीएस उप्पल, विशाल बिंदल, मनोज शर्मा, अनिल आदर्श जैन, संजय भटनागर, माधुर अग्रवाल, विजेंद्र अग्रवाल, राजकुमार गोयल, सुनील शर्मा, विनीत जैन, राकेश वर्मा, बरखा यादव, दीपिका राजपूत, रवि कुमार, मनोज त्रिपाठी, भगवान दास, संजीव यादव, गौरव शर्मा और अमित जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# द एडवोकेट एसोसिएशन का हुआ स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** माँ दुर्गा मंदिर नामनेर प्रांगण में नामनेर बाजार कमेटी (रजि) एवं संकल्प सेवा संस्था ने द आगरा एडवोकेट एसोसिएशन की समस्त कार्यकारिणी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। द एडवोकेट एसोसिएशन आगरा के अध्यक्ष गोविंद बघेल, सचिव विष्णु सक्सेना कोषाध्यक्ष विनोद कुमार,संकल्प के संरक्षक डॉ अशोक शिरोमणी,डॉ डी वी शर्मा,अध्यक्ष ब्रजेश पंडित एवं



उपाध्यक्ष विनय शर्मा एडवोकेट ने भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर,माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में शांति के प्रतीक कपोत उड़ाकर विश्व शांति एवं गुब्बारे उड़ाकर हर्षोल्लास प्रकट किया गया। कार्यकारिणी का स्वागत नामनेर बाजार कमेटी (रजि) के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित, महामंत्री नवजोत सिंह गोल्डी, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, मंत्री महेश कुशवाह,गिरीश कुमार, अजयय अग्रवाल,पद्मावती बघेल, धर्मेंद्र चौधरी, आमीन भाई, विशाल कपूर, रंजीत सिंह, शिशुपाल बघेल, राम शुक्ला, मोहम्मद शमशीर, सिद्धार्थ आनंद,नरेश इंडोलिया,आदि ने किया।

# 25 साल बाद के मिलन से गूंजा सेंट कॉनरेड्स




- खट्टी-मीठी यादों के साथ मना 2001 बैच का सिल्वर जुबली रीयूनियन
- देश-विदेश से पहुंचे पूर्व विद्यार्थियों ने शिक्षकों का जताया आभार
- ठहाकों, संस्मरणों और भावुक पलों के बीच दोबारा जीया स्कूल जीवन

एनएनआई

**आगरा।** सेंट कॉनरेड्स इंटर कॉलेज के वर्ष 2001 बैच के पूर्व विद्यार्थियों ने 25 वर्षों बाद अपने प्रिय विद्यालय की चौखट पर कदम रखा, तो मानो समय एक बार फिर पीछे लौट गया। कभी कक्षा में साथ बैठने वाले सहपाठी एक-दूसरे से गले मिलते दिखाई दिए तो कहीं पुराने किस्सों पर ठहाके गूंजे। शरारतें, दोस्ती, अनुशासन और गुरुजनों के स्नेह से जुड़ी खट्टी-मीठी यादों को दोबारा जीते हुए सिल्वर जुबली रीयूनियन भावनाओं और उल्लास का अद्भुत संगम बन गया।

इस विशेष आयोजन में ऑस्ट्रेलिया, यूके, यूएसए, दुबई सहित अन्य देशों तथा भारत के विभिन्न शहरों से आए पूर्व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वर्षों बाद सहपाठियों और शिक्षकों से मिलकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय का प्रत्येक कोना पुरानी यादों को ताजा कर रहा था और हर मुलाकात में अपनत्व झलक रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य रेव. फादर बिपिन कुजूर, प्रबंधक रेव. फादर ग्रेशियन, सहायक प्रबंधक रेव. फादर लॉरेंस साल्डाना तथा शिक्षकों के आत्मीय स्वागत एवं प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए पुराने दिनों की कई रोचक घटनाएं साझा कीं। पूर्व विद्यार्थियों ने भी अपने जीवन में शिक्षकों के मार्गदर्शन की भूमिका को याद करते हुए उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की तथा स्मृति-चिह्न भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम संयोजक गौरव खंडेलवाल ने बताया कि सिल्वर जुबली रीयूनियन केवल 25 वर्षों बाद मिलने का अवसर नहीं था, बल्कि उन अनमोल यादों, संस्कारों और मित्रताओं को फिर से जीने का भावनात्मक उत्सव था, जिन्होंने सभी के जीवन को नई दिशा दी।

# समर्पण की अंताक्षरी प्रतियोगिता में गूंजे सुरों के रंग



- फिल्मी और सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया

एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद् समर्पण शाखा की ओर से फतेहाबाद रोड स्थित होटल सनरिंग में आयोजित प्रतिभा निखार अंताक्षरी प्रतियोगिता में संगीत, मनोरंजन और उत्साह का शानदार संगम देखने को मिला।

रंग-बिरंगे परिधानों में सजी-धजी महिलाओं ने अपनी टीमों के साथ मंच पर फिल्मी और सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। वहीं उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय सचिव सीए विवेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष धर्मगोपाल मित्तल, कार्यक्रम प्रभारी सोनम मित्तल, सोनिया गर्ग, पूजा गोयल एवं श्वेता कंसल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

शाखा अध्यक्ष नितिन गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता में पहली बार छह टीमों ने एक ही मंच पर अंताक्षरी में भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने गीतों के साथ मिमिक्री और फिल्मी संवादों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में मनोरंजन का तड़का भी लगाया।

शाखा सचिव समीर जैन व कोषाध्यक्ष उमंग गोयल ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों का उद्देश्य महिलाओं को अपनी छिपी हुई प्रतिभा को मंच प्रदान करना है, ताकि वे परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपनी कला का भी प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सौरभ गोयल, विजित गुप्ता, नवनीत गर्ग, प्रदीप सिंघल, विशाल सक्सेना, अंकित गर्ग, रिकेश मित्तल, गोविंद सुगंधि, अनुज बंसल आदि उपस्थित रहे।

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# स्मार्ट सिटी के 'स्मार्ट' गड्ढे



## विकास की तलाश में 'पाताल लोक' पहुंचे सपा नेता, गड्ढे में उतरकर किया विरोध-प्रदर्शन

**आगरा** एनएनआई। स्मार्ट सिटी आगरा के स्मार्ट गड्ढे नगर निगम के विकास की कलई खोल रहे हैं। सड़कों पर इन गड्ढों को लेकर सपा नेता नितिन कोहली ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। कमला नगर क्षेत्र में सड़क पर गहरे गड्ढे को लेकर सपा नेता नितिन कोहली ने शनिवार को अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। सीढ़ी के सहारे गड्ढे में उतरकर इसे उन्होंने इसे विकास की तलाश में पाताल लोक नाम दिया और सरकार के विकास कार्यों पर सवाल उठाए।

कमला नगर की सड़क पर गहरे गड्ढे के कारण राहगीरों में हमेशा हादसे का भय बना हुआ है। राहगीर जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर हैं। इन गड्ढों के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शनिवार को नितिन कोहली अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीढ़ी लगाकर गड्ढे में उतरते हुए प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। उन्होंने कहाकि वह विकास की तलाश में निकले थे, लेकिन "पाताल लोक" पहुंच गए। उनके इस अनोखे प्रदर्शन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। नितिन कोहली ने आरोप लगाया कि भाजपा के विधायक, सांसद, नगर निगम और संबंधित विभागों के अधिकारी जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल दावों तक सीमित हैं। उन्होंने कहाकि आगरा को स्मार्ट सिटी बनाने के दावों के बीच शहर की सड़कें बदहाल हैं।

जगह-जगह बने गहरे गड्ढे लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्होंने प्रशासन से कमला नगर ही नहीं, बल्कि पूरे शहर में जर्जर सड़कों और गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहाकि यदि जल्द सड़कों को गड्ढा मुक्त नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी जनहित में बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## अपना दल (एस) का संगठन विस्तार, वंश शर्मा बने छात्र मंच के महानगर अध्यक्ष



एनएनआई

**आगरा।** अपना दल (एस) ने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने की दिशा में महानगर और जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष डॉ. महेश चौधरी ने अपने शिविर कार्यालय पर आयोजित बैठक में छात्र मंच, चिकित्सा मंच समेत विभिन्न प्रकोष्ठों के नए पदाधिकारियों की घोषणा की। घोषित नई कार्यकारिणी के तहत पंडित वंश शर्मा को अपना दल (एस) छात्र मंच का आगरा महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि विनोद कुमार को खंडौली ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष डॉ. महेश चौधरी ने कहा कि अपना दल (एस) का संगठन लगातार विस्तार कर रहा है और नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से पार्टी को नई ऊर्जा मिल रही है। बैठक में मौजूद वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई जिम्मेदारियां मिलने के बाद छात्र मंच और संगठन की गतिविधियों को और गति मिलेगी।

## मनीष अग्रवाल बने लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के मुख्य सलाहकार



एनएनआई

**आगरा।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-सी2 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम नारायण वर्मा ने प्रमुख उद्यमी, समाजसेवी, लायंस क्लब आगरा आकाश के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष लायन मनीष अग्रवाल को डिस्ट्रिक्ट स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए अपना मुख्य सलाहकार नियुक्त किया है।

उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के अध्यक्ष मनोज बंसल, मनोज कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, के.डी. गुप्ता, लायंस क्लब आगरा आकाश के अध्यक्ष मनोज गोयल, संजय अग्रवाल, अनिल वार्ष्णेय, संजीव गुप्ता, सुनील शर्मा, सुशील बंसल सहित पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने शुभकामनाएं दीं।

## भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**आगरा** एनएनआई। गांव एत्मादपुर मदरा तहसील सदर आगरा के किसानों ने किसान नेता सोमवीर यादव और कुशलपाल फौजी के संयुक्त नेतृत्व में आयुक्त आगरा मण्डल आगरा को भूमि अधिग्रहण के विरोध में ज्ञापन दिया।

आगरा विकास प्राधिकरण आगरा ने ग्रेटर आगरा परियोजना एवं मेडिसिटी परियोजना के लिए गाँव एत्मादपुर मदरा की 124 हेक्टेयर जमीन का नोटिफिकेशन 2010 में हुआ तब से आज तक किसान लगातार इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपनी जमीन को बचाने के लिए कैस लड़ते चले आ रहे हैं। एत्मादपुर मदरा की अधिग्रहित जमीन से सम्बंधित मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद भी आगरा विकास प्राधिकरण ने बिना जमीन का मुहावजा दिए तथा बिना किसानों के सहमति एवं बिना सूचना दिए और अवार्ड करके किसानों के नाम जमीन में से नाम काट दिये हैं। जिससे गांव एत्मादपुर मदरा के किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी एवं एडीए के अधिकारियों के साथ आमने सामने बैठ कर बैठक कराए जाने का भरोसा दिया है। किसानों के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से किसान नेता सोमबीर यादव किसान नेता श्याम सिंह चाहर ,कुशलपाल फौजी, नोबत सिंह नबाब सिंह, वीरी सिंह, कोमल सिंह,, निनुराम, कालीचरण, रामवीर सिंह भरत सिंह, खजान सिंह रूप कुमार, दुष्यंत प्रधान, वीरेंद्र, कल्लू सिंह, श्रीकृष्ण यादव, तुकमान सिंह, ,मुनेश पहलवान, आदि किसान मौजूद रहे।

## विश्वविद्यालय में एचपीवी वैक्सीन जागरूकता अभियान की शुरूआत

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर स्थित जे.पी. सभागार में कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में दीक्षोत्सव कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत "स्वस्थ बेटी, खुशहाल परिवार : माँ-बेटी स्वास्थ्य चर्चा" विषय पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूकता, महिला स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता तथा माँ-बेटी के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं मॉडल स्कूल की महिला शिक्षिकाओं, महिला कर्मचारियों तथा उनकी किशोरी बेटियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और साथ ही स्वास्थ्य सम्बंधित सवाल भी पूछे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौहान रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम दास सावित्री देवी हॉस्पिटल के वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. संदीप अग्रवाल तथा एस.एन. मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या यादव उपस्थित रहीं। कुलपति प्रो. आशु रानी ने सरकार के सहयोग से विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों की 9 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों के लिए प्रतिवर्ष निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ करने की घोषणा की, जिससे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सके।

## डीएम ने सदर तहसील में सुनीं शिकायतें, 19 का निस्तारण

एनएनआई



**आगरा।** तहसील सदर में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ-साथ सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संपर्क करें तथा उनसे वार्ता कर शिकायत को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए, जिससे उनको भी निस्तारण स्थिति का पता चल सके और निस्तारण आख्या में सम्पूर्ण घटनाक्रम को अंकित करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए।

तहसील दिवस के दौरान कुल 139 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 19 शिकायतों का मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों में मुख्यतः विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड निर्माण/अतिक्रमण, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण आदि से सम्बन्धित थीं, जो कि 42 राजस्व विभाग, 28 पुलिस विभाग, 18 नगर निगम, 09 आगरा विकास प्राधिकरण, 04 विकास खंड, 01 शिक्षा विभाग, 08 टोरेंट पावर/विद्युत, तथा 29 अन्य से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, डीसीपी सैयद अली अब्बास, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, तहसीलदार सत्येंद्र कुमार, नायब तहसीलदार प्रियंका चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी मनीष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# फतेहाबाद में लूटकांड का खुलासा, तमंचा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

एनएनआई



**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद पुलिस और सर्विलांस सेल पूर्वी जोन की संयुक्त टीम ने लूट की वारदात का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, लूटा गया सैमसंग मोबाइल फोन तथा एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 9 जुलाई 2026 की रात भरपुरा निवासी कैलाश कुमार अपने घर लौट रहे थे। मल्लापुरा पुलिया के पास 3-4 बदमाशों ने उनकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर मोबाइल फोन, 1200 रुपये नकद और एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल लूट ली थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना फतेहाबाद में मुकदमा संख्या 195/26 धारा 309(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस आयुक्त आगरा के निर्देशन में गठित टीम ने जांच के दौरान 18 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर रुपपुर पुलिया के पास से घटना में शामिल रोहित पुत्र यजवीर उर्फ राजवीर निवासी ग्राम रूजवई तथा धनीराम पुत्र हरीशचन्द्र निवासी ग्राम गटटपुरा को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की तलाशी में एक 315 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस, लूटा गया सैमसंग मोबाइल फोन और एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 310(2) एवं 317(3) की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, सर्विलांस सेल प्रभारी सचिन तोमर, उपनिरीक्षक सागर सिंह, उपनिरीक्षक शिवप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक श्रीकांत वर्मा तथा उपनिरीक्षक यासिर बेग सहित पुलिस टीम की रही।

# प्रसूता की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा, लापरवाही का आरोप

एनएनआई




**फतेहाबाद।** कस्बे के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान 20 वर्षीय महिला की मौत से खुशियां मातम में बदल गईं। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा हो गया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही और कथित रूप से अयोग्य व्यक्ति से ऑपरेशन कराने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, भदरौली के ट्यूबवेलपुरा निवासी सविता (20) पत्नी अमरेश को गुरुवार शाम प्रसव पीड़ा होने पर कस्बे के केके अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसव के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को मृतका के पिता चंद्रभान सिंह ने आरोप लगाया कि बेटी की हालत गंभीर होने के बावजूद उसे समय रहते किसी उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर नहीं किया गया। उनका कहना है कि अस्पताल प्रबंधन लगातार जच्चा-बच्चा दोनों के सुरक्षित होने का भरोसा देता रहा।

परिजनों का आरोप है कि गलत उपचार और कथित रूप से झोलाछाप चिकित्सक से ऑपरेशन कराने के कारण यह दर्दनाक घटना हुई। हालांकि, इन आरोपों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच की जानी बाकी है।



# अवैध बालू खननः संयुक्त छापेमारी में ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**पिनाहट एनएनआई।** चंबल नदी के संरक्षित सेंचुरी क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद अवैध बालू खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार देर रात वन विभाग और थाना पिनाहट पुलिस की संयुक्त टीम ने विप्रावली गांव के पास चंबल के बीहड़ों में छापेमारी कर बालू से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। हालांकि कार्रवाई के दौरान आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। चंबल सेंचुरी क्षेत्र घड़ियाल, मगरमच्छ और अन्य जलीय जीवों के संरक्षण के लिए घोषित है, जहां खनन और परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। टीम को देखकर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने लगा, लेकिन घेराबंदी के दौरान वाहन छोड़कर फरार हो गया।वन विभाग ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने कार्यालय ले आया और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत वाहन को सीज कर दिया। मामले में विप्रावली निवासी बबलू सहित तीन लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है। रेंजर बाह कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के बाद रिपोर्ट पुलिस को भी भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि चंबल सेंचुरी क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अछनेरा-आगरा मार्ग पर जल्द दौड़ेंगी रोडवेज बसें

एनएनआई



**अछनेरा।** लम्बे समय से बन्द पड़ी आगरा अछनेरा के बीच रोडवेज बस सेवा शुरू कराने की तैयारी अब रफ्तार पकड़ने लगी हैं। परिवहन निगम ने पुलिस अनुमति के लिए विधायक चौधरी बाबूलाल से सहयोग मांगा है। आगरा से अछनेरा तक रोडवेज बस सेवा शुरू कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (ईदगाह डिपो) के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने फतेहपुर सीकरी विधायक चौधरी बाबूलाल को पत्र भेजकर आगरा-अछनेरा बस संचालन के लिए पुलिस प्रशासन से अनुमति दिलाने में सहयोग का अनुरोध किया है।

17 जुलाई 2026 को जारी पत्र में बताया गया है कि परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ के निर्देश पर आगरा ईदगाह बस स्टेशन से अछनेरा तक निगम की बस सेवा संचालित की जानी है। प्रस्तावित बस सेवा एमजी रोड होते हुए बोदला, बिचपुरी, सहाई, रायभा और अछनेरा बस स्टेशन तक पहुंचेगी। पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में एमजी रोड पर निगम की बसों का संचालन प्रतिबंधित है। ऐसे में बस सेवा शुरू करने के लिए पुलिस प्रशासन से अनुमति लेना आवश्यक है। इसी कारण परिवहन निगम ने विधायक चौधरी बाबूलाल से अनुरोध किया है कि वे अपने स्तर से पुलिस प्रशासन से अनुमति दिलाने में सहयोग करें, ताकि आगरा-अछनेरा के बीच बस सेवा जल्द शुरू हो सके। यदि यह अनुमति मिल जाती है तो आगरा और अछनेरा के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को सीधी रोडवेज बस सेवा का लाभ मिलेगा और अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में एम जी रोड से नहीं जाकर बिचपुरी,पथोली,मलपुरा होकर ईदगाह बस अड्डे पहुंचेगी और क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग भी पूरी हो सकेगी।

# 22 जुलाई के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों को जुटे भाजपाई



**खेरागढ़ एनएनआई।** आगामी 22 जुलाई को खेरागढ़ कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित होने वाले विधानसभा खेरागढ़ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शनिवार देर शाम कार्यक्रम संयोजक एवं नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर गर्ग 'गुड्डू' के आवास पर महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हरिओम रावत एवं जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाह ने विधानसभा खेरागढ़ के सभी मंडल अध्यक्षों एवं मंडल महामंत्रियों के साथ सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, सम्मेलन में अधिकतम बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष कपिल जिंदल, देहात मंडल अध्यक्ष पवन सिकरवार, जगनेर मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा, इरादतनगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र त्यागी तथा सैया मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुशवाह सहित विधानसभा के मंडल महामंत्री एवं अन्य संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया गया कि 22 जुलाई को होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को ऐतिहासिक, भव्य एवं सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक व्यापक जनसंपर्क कर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करें।

# रंगबाजी में महिला और बेटी को पीटे जाने का आरोप

**बाह एनएनआई।** झगड़े में गिरफ्तार पति की जमानत के लिए अपनी बेटी संग निकली महिला के साथ रंगबाजी मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। कस्बे के हनुमान नगर, जुलाहपुरी में रास्ते और पानी भरने के विवाद में 15 जुलाई की रात हुए झगड़े में पुलिस ने भोला समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया था। भोला की पत्नी डौली ने बाह थाने में दिये प्रार्थना पत्र में कहा है कि 16 जुलाई की दोपहर अपनी बेटी गौरी के साथ पति की जमानत के लिए घर से आधार कार्ड लेकर निकली थी। बाइक सवार तीन युवक आए और गाली देने लगे। कह रहे थे कि झगड़े की पुलिस से शिकायत कर क्या बिगाड़ लिया। विरोध करने पर उसके और बेटी के साथ मारपीट की। भीड़ जमा होने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। प्रार्थना पत्र पर बाह पुलिस ने जांच एवं कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## संपादकीय

# एनसीपी के बाद बाकी पार्टियों पर नजर

एनसीपी पार्टी टूटने की आशंका में शरद पवार ने भाजपा के सामने सरेंडर किया। उनकी बेटी और बारामती की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर सरकार हर राज्य में 50 फीसदी सीटें बढ़ाने का भरोसा देती है तो उनकी पार्टी इसका समर्थन करने को तैयार है। यह दिखाता है कि उनकी सरकार से बात हो गई है। अब सवाल है कि क्या इसी तर्क के आधार पर दूसरी पार्टियां भी सरकार के इस प्रस्ताव का समर्थन करेंगी? पिछली बार एकजुट विपक्ष ने बड़े अंतर से सरकार का बिल फेल करा दिया था। सरकार के विधेयक के समर्थन में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े थे। सरकार को तब बिल पास कराने के लिए 352 वोट की जरुरत थी। अब सरकार इंच इंच करके इस संख्या के पास तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। अभी एनडीए को समर्थक सांसदों की संख्या 320 हो गई है। सूत्रों का कहना है कि कई अन्य पार्टियों के नेताओं से भाजपा के बड़े नेता संपर्क में हैं।कहा जा रहा है कि उत्तर भारत की पार्टियों को परिसीमन और 50 फीसदी सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करने में कोई समस्या नहीं आएगी।कांग्रेस को छोड़ कर ज्यादातर पार्टियां पिछले सत्र से पहले भी तैयार हो गई थीं कि सीटें बढ़ाने और महिला आरक्षण लागू करने का बिल पास कराया जाए। लेकिन ऐन मौके पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और उद्धव ठाकरे की शिव सेना ने बाकी पार्टियों पर दबाव बना कर उनको बिल का विरोध करने के लिए तैयार कराया। यह भी कहा जा रहा है कि मोदी और अमित शाह इसे अपने साथ धोखा मान रहे हैं और यही कारण है कि इतने आक्रामक तरीक से अभियान चला कर ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे की पार्टी तोड़ी गई। संयोग भी भाजपा के साथ है, जो तृणमूल कांग्रेस और डीएमके चुनाव हार गए। न सिर्फ दोनों पार्टियां हारीं, बल्कि ममता बनर्जी और एमके स्टालिन भी अपनी सीट हार गए।भाजपा का कहना है कि जनता का मूड परिसीमन और महिला आरक्षण के पक्ष में है। तभी यह तय माना जा रहा है कि सुप्रिया सुले की तरह बाकी पार्टियां ऐलान करें या न करें वे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बिल का समर्थन करेंगे।अब खबर है कि ममता बनर्जी की पार्टी फिर से टूटती है तो उसके पीछे भी श्रीकांत शिंदे होंगे। सूत्रों का कहना है कि ममता बनर्जी के प्रति सबसे ज्यादा प्रतिबद्ध दिख रहीं महिला सांसद महुआ मोइत्रा उनके संपर्क में हैं। यहां तक कहा जा रहा है कि श्रीकांत शिंदे ने महुआ मोइत्रा को पाला बदलने के लिए तैयार कर लिया है।ऐसा नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ बड़ी पार्टियों को तोड़ कर संसद के मानसून सत्र में दो तिहाई बहुमत जुटाने का प्रयास कर रही है। कई छोटी पार्टियों पर नजर है और उनके लिए परदे के पीछे से बात हो रही है। सूत्रों का कहना है कि झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा से लेकर जम्मू कश्मीर की नेशनल कान्फ्रेंस और दिल्ली व पंजाब की आम आदमी पार्टी के सांसदों से भी बात हो रही है। कहा जा रहा है कि अगर इन पार्टियों के नेता संसद के मानसून सत्र में संविधान संशोधन के लिए लाए जाने वाले विधेयकों पर सरकार का समर्थन नहीं करते हैं तो इनकी पार्टियां भी टूटेंगी। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद टूट चुके हैं।गौरतलब है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के तीन, आम आदमी पार्टी के तीन और नेशनल कॉन्फ्रेंस के दो लोकसभा सांसद हैं। इन आठ सांसदों पर भाजपा की नजर है। अगर इनके नेता तैयार हो जाते हैं तो कहा जाएगा कि वे वोटिंग के समय सदन से गैरहाजिर हो जाएं। इनमें से जेएमएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसदों के टूटने की संभावना कम है। खबर है कि समाजवादी पार्टी के साथ भी भाजपा की बात हुई है। जिस तरह से भाजपा ने डीएमके को समझाया है कि अगर परिसीमन के मौजूदा बिल पर उसने समर्थन नहीं दिया तो जनसंख्या आधारित परिसीमन होगा, जिसको तमिलनाडु को नुकसान होगा। वैसे ही सपा को समझाया गया है कि अगर उसने परिसीमन का विरोध किया तो यह प्रचार होगा कि सपा ने उत्तर प्रदेश के सांसदों की संख्या 80 से बढ़ा कर 120 करने के प्रस्ताव का विरोध किया। यह भी कहा जा रहा है कि अगर पार्टी के तौर पर सपा के नेता सरकार का साथ देने को तैयार नहीं होते हैं तो दूसरा रास्ता यह निकाला जा सकता है कि उनके कुछ सांसद गैरहाजिर हो जाएं। इसके लिए निजी तौर पर सांसदों को तैयार किया जा सकता है। सवाल है कि क्या बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल टूट सकती है? राजद ने औरंगाबाद से जीते अभय कुशवाहा को लोकसभा में पार्टी का नेता बनाया। पिछले दिनों जब सम्राट चौधरी बिहार के मुख्यमंत्री बने तो अभय कुशवाहा गुलदस्ता लेकर उनको बधाई देने गए थे। दोनों कुशवाहा समाज के हैं इसलिए यह चर्चा शुरू हुई कि अभय कुशवाहा पाला बदल सकते हें।लेकिन यह इस बात की गारंटी नहीं है कि उनके साथ दो और सांसद जुड़ेंगे। हालांकि जब महुआ मोइत्रा के भाजपा के संपर्क में होने की खबर है तो बाकियों के बारे में क्या कहा जा सकता है!




# गुरु पूर्णिमा

## सही तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व



डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य

**हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि को अत्यंत पवित्र और शुभ माना जाता है। इस दिन गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों में स्नान करने और दान-पुण्य करने से विशेष फल प्राप्त होते हैं। वैसे तो हर महीने आने वाली पूर्णिमा का अपना महत्व होता है, लेकिन आषाढ़ माह की पूर्णिमा को सबसे अधिक पुण्यदायी माना गया है। इसी दिन गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है, जो आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर पड़ता है।**



गुरु पूर्णिमा के दिन देवी-देवताओं के साथ-साथ गुरुजनों की पूजा का विशेष महत्व होता है। इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, क्योंकि यह महर्षि कृष्णद्वैपायन वेदव्यास की जयंती के रूप में मनाया जाता है। वेदव्यास जी को वेदों के संकलन और महाभारत जैसे महान ग्रंथ की रचना का श्रेय दिया जाता है। आइए जानते हैं कि वर्ष 2026 में गुरु पूर्णिमा कब मनाई जाएगी और इस दिन स्नान-दान के लिए कौन-कौन से शुभ मुहूर्त रहेंगे।

**गुरु पूर्णिमा 2026 की तिथि**

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 28 जुलाई 2026 को शाम 6 बजकर 18 मिनट से होगी। यह तिथि 29 जुलाई 2026 को रात 8 बजकर 5 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार, गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई 2026 को मनाई जाएगी। इसे आषाढ़ पूर्णिमा भी कहा जाता है। इसी दिन के बाद से भगवान शिव को समर्पित पावन सावन माह का आरंभ होता है।

**गुरु पूर्णिमा 2026: स्नान-दान के शुभ मुहूर्त**

ब्रह्म मुहूर्तः सुबह 4:17 से 4:59 तक

लाभ-उन्नति मुहूर्तः सुबह 5:41 से 7:22 तक

अमृत मुहूर्तः सुबह 7:22 से 9:04 तक

शुभ मुहूर्तः सुबह 10:46 से दोपहर 12:27 तक

चर मुहूर्तः दोपहर 3:51 से शाम 5:32 तक

लाभ मुहूर्त (सांय): शाम 5:32 से 7:14 तक

इन समयों में स्नान और दान करना विशेष रूप से फलदायी माना जाता है।

**गुरु पूर्णिमा का महत्व**

***गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुदेवी महेश्वरः।***

***गुरुः साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।"***

जीवन में सही दिशा और सफलता का मार्ग गुरु के ज्ञान से ही प्राप्त होता है। गुरु वह होते हैं, जो अपने अनुभव और शिक्षा से शिष्य का मार्गदर्शन करते हैं और उसे अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। इसलिए गुरु पूर्णिमा का दिन अपने गुरु के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का विशेष अवसर होता है।

इस दिन शिष्य अपने गुरु की पूजा करते हैं, उनका आशीर्वाद लेते हैं और गुरु दक्षिणा अर्पित करते हैं। मान्यता है कि यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु से संबंधित दोष हो, तो इस दिन स्नान-दान करने के साथ-साथ गुरुजनों की सेवा और पूजा करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं और गुरु की कृपा बनी रहती है।

## गुरु पूर्णिमा की पहली कथा

बहुत समय पहले चार वृद्ध लोग थे, जो अपने प्रश्नों के उत्तर ढूंढ रहे थे। पहला व्यक्ति बहुत दुखी था। वह अपने दुख से बाहर निकलना चाहता था। दूसरे व्यक्ति को अधिक उन्नति और यश चाहिए था। वह जानना चाहता था कि उसे कैसे पाया जाए? तीसरे को अपने जीवन का अर्थ जानना था और चौथे के पास सारा ज्ञान था, लेकिन उसके पास कुछ कमी थी और उसे पता नहीं था कि वह क्या है?

इसलिए, वे चार लोग उत्तर के लिए भटकते हुए एक ऐसी जगह पहुँच गए, जहाँ एक बड़ा बरगद का पेड़ था। उस बरगद के पेड़ के नीचे एक नौजवान हंसते हुए चेहरे के साथ बैठा हुआ था। और उन चारों को लगा कि यह हमारे प्रश्नों के उत्तर दे सकता है। चारों ने सोचा कि यह व्यक्ति हमारी समस्या का हल कर सकता है। इसलिए वे चारों वहीं पर बैठ गए। बरगद के पेड़ के नीचे बैठे हुए उस हंसमुख नौजवान ने एक शब्द भी नहीं बोला। फिर भी उन चारों को वह उत्तर मिल गया, जो वे चाहते थे।

यह गुरु पूर्णिमा की पहली कहानी है। वह एक पूर्णिमा का दिन था। और इस तरह से गुरु परंपरा शुरू हुई। वे चारों वृद्ध लोग गुरु बन गए।

उन सबको वह मिला, जो वे चाहते थे :

दुख दूर हुए
विपुलता और खुशी आ गयी
खोज समाप्त हो गई
एक ज्ञानी को स्वयं को अभिव्यक्त करने के लिए गुरु मिल गए

उस चौथे व्यक्ति के पास सब कुछ था। उसके पास सारा ज्ञान था, लेकिन उसके पास गुरु नहीं थे, जिनसे वह जुड़ सके। इसलिए, गुरु के मिलते ही उसका उनके साथ एक आंतरिक सम्बन्ध बन गया।

इसीलिए, आदिशंकराचार्य जी ने कहा ह्लमौन व्याख्या प्रकथिता परब्रह्म तत्त्वं युवनामह्व (अर्थ : मैं श्री दक्षिणामूर्ति (प्रथम गुरु) की प्रशंसा करता हूँ और उन्हें प्रणाम करता हूँ, जो उनकी मौन अवस्था के द्वारा सर्वोच्च ब्रम्ह के सत्य रूप को समझाते हैं)

# ओम शिवपुरी



## हिंदी सिनेमा के दमदार खलनायक और रंगमंच के सशक्त हस्ताक्षर

**भारतीय सिनेमा में कई ऐसे कलाकार हुए हैं जिन्होंने अपने अभिनय के दम पर दर्शकों के दिलों में स्थायी जगह बनाई। ओम शिवपुरी उन्हीं कलाकारों में से एक थे। 1970 और 1980 के दशक में उन्होंने खलनायक, पुलिस अधिकारी, न्यायाधीश, राजनेता और अन्य चरित्र भूमिकाओं में अपनी अलग पहचान स्थापित की। बड़े पर्दे पर अक्सर सख्त और प्रभावशाली किरदार निभाने वाले ओम शिवपुरी वास्तविक जीवन में रंगमंच के समर्पित कलाकार और संवेदनशील व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे।**

### प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

ओम शिवपुरी का जन्म वर्ष 1938 में जयपुर, राजस्थान में हुआ था। अभिनय के प्रति उनका रुझान प्रारंभ से ही था। अपने करियर की शुरूआत उन्होंने रेडियो से की। उस दौर में वे रेडियो स्टेशन से जुड़े, जहां उनकी मुलाकात सुधा शिवपुरी से हुई। बाद में दोनों ने विवाह किया और भारतीय रंगमंच तथा फिल्म जगत में अपनी अलग पहचान बनाई। ओम शिवपुरी ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) से अभिनय की शिक्षा प्राप्त की। एनएसडी में बिताए गए वर्षों ने उनके अभिनय कौशल को निखारा और उन्हें रंगमंच की गंभीर समझ प्रदान की।

### रंगमंच में योगदान

फिल्मों में आने से पहले ओम शिवपुरी रंगमंच की दुनिया में एक प्रतिष्ठित नाम बन चुके थे। उन्होंने अपनी पत्नी सुधा शिवपुरी के साथ मिलकर 'दिशांतर' नामक थिएटर समूह की स्थापना की। यह समूह हिंदी रंगमंच के महत्वपूर्ण समूहों में गिना जाता है। दिशांतर के माध्यम से उन्होंने कई चर्चित नाटकों का निर्देशन और मंचन किया। इनमें 'आधे अधूरे', 'खामोश', ' अदालत जारी है' और 'कोर्ट चालू है' जैसे नाटक विशेष रूप से लोकप्रिय हुए। रंगमंच के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें अभिनय जगत में एक मजबूत आधार प्रदान किया।

### फिल्मी करियर की शुरूआत

ओम शिवपुरी ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत वर्ष 1971 में निर्देशक मणि कौल की फिल्म आषाढ़ का एक दिन से की। इसके बाद उन्हें गुलजार की फिल्म कोशिश (1972) में काम करने का अवसर मिला। यह फिल्म उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। 1974 में मुंबई आने के बाद उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग में लगातार काम करना शुरू किया। उनकी प्रभावशाली आवाज, सशक्त व्यक्तित्व और गंभीर अभिनय शैली ने उन्हें निर्माताओं और निर्देशकों की पहली पसंद बना दिया।

### खलनायक के रूप में मिली पहचान

ओम शिवपुरी ने अपने लंबे फिल्मी करियर में 175 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि उन्होंने अनेक प्रकार के किरदार निभाए, लेकिन उन्हें सबसे अधिक पहचान खलनायक और चरित्र अभिनेता के रूप में मिली। उनकी स्क्रीन उपस्थिति इतनी प्रभावशाली थी कि वे किसी भी दृश्य में दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेते थे। पुलिस कमिश्नर, जज, मंत्री, उद्योगपति और प्रभावशाली विरोधी पात्रों की भूमिकाओं में उन्होंने विशेष सफलता हासिल की।

### व्यक्तिगत जीवन

ओम शिवपुरी ने वर्ष 1968 में अभिनेत्री सुधा शिवपुरी से विवाह किया। दोनों की जोड़ी रंगमंच और अभिनय जगत में काफी सम्मानित मानी जाती थी। सुधा शिवपुरी ने बाद में फिल्मों और टेलीविजन में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। उनके दो बच्चे हैं-पुत्र विनीत शिवपुरी और पुत्री रितु शिवपुरी। रितु शिवपुरी ने हिंदी फिल्मों में अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाई। गोविंदा अभिनीत सुपरहिट फिल्म आंखें में उनका अभिनय विशेष रूप से चर्चित रहा।

### निधन

15 अक्टूबर 1990 को ओम शिवपुरी का हृदयाघात (हार्ट अटैक) के कारण निधन हो गया। उस समय उनकी आयु मात्र 52 वर्ष थी। उनके अचानक निधन से हिंदी फिल्म उद्योग और रंगमंच जगत को गहरा आघात पहुंचा। हालांकि उनका जीवन अपेक्षाकृत छोटा रहा, लेकिन उन्होंने अपने अभिनय से जो पहचान बनाई, वह आज भी कायम है। उनके निधन के बाद भी उनकी कई फिल्में रिलीज हुईं, जिससे दर्शकों को लंबे समय तक उन्हें पर्दे पर देखने का अवसर मिला।

### निष्कर्ष

ओम शिवपुरी हिंदी सिनेमा के उन कलाकारों में शामिल हैं जिन्होंने बिना नायक बने भी दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी। खलनायक और चरित्र अभिनेता के रूप में उनकी प्रभावशाली मौजूदगी, रंगमंच के प्रति समर्पण और अभिनय की गहरी समझ उन्हें भारतीय मनोरंजन जगत का एक अविस्मरणीय नाम बनाती है। आज भी उनकी फिल्में और रंगमंचीय योगदान भारतीय कला जगत की अमूल्य धरोहर माने जाते हैं।

# पीवी सिंधु ने जीता जापान ओपन खिताब

## टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनीं




**टोक्यो।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने जापान ओपन 2026 का महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। बीडब्ल्यूएफ सुपर-750 टूर्नामेंट के फाइनल में सिंधु ने मेजबान जापान की अकाने यामागुची को सीधे गेमों में 21-17, 21-17 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस जीत के साथ सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। करीब 50 मिनट तक चले मुकाबले में उन्होंने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और यामागुची को वापसी का मौका नहीं दिया।

### सात साल बाद जीता बड़ा खिताब

सिंधु के लिए यह जीत कई मायनों में खास रही। दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद यह उनका पहला बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब है। वहीं, सुपर-750 या उससे ऊपर के स्तर का खिताब उन्होंने करीब सात साल बाद जीता है। इससे पहले 2019 विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया था।

### दोनों गेम में दिखाया दबदबा

फाइनल का पहला गेम काफी प्रतिस्पर्धी रहा। एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था, लेकिन इसके बाद सिंधु ने लगातार चार अंक हासिल कर गेम 21-17 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी। उन्होंने 8-3 और 14-7 की बढ़त के साथ मुकाबले पर पकड़ मजबूत की। यामागुची ने वापसी की कोशिश की, लेकिन सिंधु ने संयमित खेल दिखाते हुए दूसरा गेम भी 21-17 से जीत लिया।

### पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन

सिंधु ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने लगातार जीत दर्ज करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और खिताबी मुकाबले में भी अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया।

### यामागुची के खिलाफ बढ़त मजबूत

सिंधु और यामागुची के बीच यह 30वां मुकाबला था। इस जीत के साथ भारतीय खिलाड़ी ने दोनों के बीच आमने-सामने के रिकॉर्ड में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहीं यामागुची को हराकर सिंधु ने अपने करियर की एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। यह खिताब आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले सिंधु के आत्मविश्वास को भी मजबूत करेगा।

# फीफा वर्ल्ड कप 2026 का महामुकाबला आज

## खिताब के लिए भिड़ेंगे अर्जेंटीना और स्पेन




**न्यूयॉर्क/नई जर्सी।** दुनिया की निगाहें रविवार को फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल पर टिकी होंगी, जहां मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपीय चैंपियन स्पेन फुटबॉल के सबसे बड़े खिताब के लिए आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला अमेरिका के न्यूयॉर्क न्यू जर्सी स्टेडियम (ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी) में खेला जाएगा।

मैच भारतीय समयानुसार 20 जुलाई की रात 12:30 बजे शुरू होगा। अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरे विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया है।

वहीं स्पेन ने फ्रांस को 2-0 से शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। दोनों टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया है। फाइनल मुकाबला कई मायनों में ऐतिहासिक माना जा रहा है। एक ओर अर्जेंटीना लगातार दूसरा विश्व कप जीतकर नया इतिहास रचना चाहेगा, वहीं स्पेन 2010 के बाद दूसरी बार विश्व विजेता बनने के इरादे से मैदान में उतरेगा। फुटबॉल प्रेमियों की नजरें अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी और स्पेन के युवा स्टार लामिन यामाल पर भी रहेंगी। फीफा के अनुसार यह मुकाबला 82 हजार से अधिक दर्शकों की क्षमता वाले न्यूयॉर्क न्यू जर्सी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां विश्वभर के करोड़ों फुटबॉल प्रशंसकों की निगाहें इस महामुकाबले पर होंगी।

# निर्णायक वनडे आज, सीरीज जीतने उतरेगा भारत

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का निर्णायक मुकाबला रविवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है। दूसरे वनडे में इंग्लैंड ने चार विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी की थी। ऐसे में दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला करो या मरो का होगा। भारतीय टीम को इस मैच में बदलाव करना पड़ सकता है। हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वाशिंगटन सुंदर उपलब्ध नहीं हैं। उनकी जगह हर्ष दुबे को टीम में शामिल किया गया है। वहीं बीमारी से उबर चुके केएल राहुल की वापसी की संभावना है। इंग्लैंड की उम्मीदें जो रूट पर टिकी होंगी, जिन्होंने सीरीज के पहले दो मैचों में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से बड़ी पारी की अपेक्षा रहेगी। लॉर्ड्स की पिच पर शुरूआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है।

ऐसे में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है। दोनों टीमों के बीच सीरीज का विजेता इसी मुकाबले से तय होगा।




## रविवार, 19 जुलाई राशिफल

मेष: आज आपका आत्मविश्वास और तेज सोच आपको हर चुनौती में आगे रखेगी। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होने के संकेत हैं और कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है और किसी नए अवसर से लाभ मिलने की संभावना है।

वृष: आज घर-परिवार में सुख और शांति का माहौल रहेगा। वाहन सुख मिलने के योग हैं और संपत्ति से जुड़ा कोई काम आगे बढ़ सकता है। नौकरी और व्यापार में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखें और सेहत का विशेष ध्यान दें।

मिथुन: आज भाई-बहनों और मित्रों का सहयोग आपके काम आएगा। छोटी यात्रा या नए संपर्क भविष्य में लाभ दिला सकते हैं। करियर में नई जिम्मेदारियां मिलने के संकेत हैं। आय में वृद्धि हो सकती है, लेकिन खर्च सोच-समझकर करें। बातचीत में संयम बनाए रखें।

कर्क: आज कार्यक्षेत्र में व्यस्तता रहेगी, लेकिन मेहनत का पूरा फल मिलेगा। सूर्य और गुरु का प्रभाव आपके आत्मविश्वास को मजबूत करेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा और कोई महत्वपूर्ण कार्य पूरा हो सकता है। शाम का समय सुकून और आराम देने वाला रहेगा।

सिंह: आज खान-पान और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। करियर में नए अवसर मिल सकते हैं और आपकी मेहनत रंग लाएगी। परिवार और मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। किसी बड़े निवेश से पहले अच्छी तरह विचार करें। विवादों से दूरी बनाए रखना बेहतर रहेगा।

कन्या: आज आत्मविश्वास और स्पष्ट सोच आपको सफलता दिला सकती है। रुके हुए कार्य पूरे होंगे और करियर में प्रगति के अच्छे संकेत हैं। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा और परिवार का साथ बना रहेगा। सामाजिक सम्मान में भी वृद्धि हो सकती है।

तुला: आज खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। हालांकि लाभ के अच्छे अवसर भी मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे और परिवार में सुखद माहौल रहेगा। पुराने विवाद सुलझ सकते हैं। आर्थिक फैसले सोच-समझकर लें।

वृश्चिक: आज आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी होने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बॉस या वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए समय अनुकूल है। परिवार का साथ मिलेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। जल्दबाजी में कोई फैसला न लें।

धनु: आज करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं। धार्मिक यात्रा या किसी शुभ कार्य की योजना बन सकती है। वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन लाभदायक रहेगा। आर्थिक मामलों में सुधार होगा और परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा।

मकर: आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। नई जिम्मेदारियां और अवसर सामने आ सकते हैं। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा और परिवार का सहयोग मिलेगा। निवेश या बड़े फैसले सोच-समझकर करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें।

कुंभ: आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों और कागजी कामों को व्यवस्थित करने का अच्छा समय है। मित्रों और सहयोगियों से सहायता मिलेगी। करियर में नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें और परिवार के साथ समय बिताएं।

मीन: आज साझेदारी और कारोबार से जुड़े मामलों में सफलता मिलने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है और रुके हुए कार्य पूरे होंगे। परिवार और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। भविष्य की योजनाओं पर गंभीरता से काम करें और सकारात्मक सोच बनाए रखें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# रहस्य, विज्ञान और अध्यात्म पर सार्थक संवाद

## देयर इज ए घोस्ट इन माय रूम पर हुई चर्चा

- लिट आगरा के कार्यक्रम में लेखक संजय के. रॉय ने साझा किए अलौकिक अनुभव
- पुस्तक को बताया स्मृतियों, यात्राओं और अनुत्तरित सवालों की संस्मरणात्मक यात्रा



एनएनआई

**आगरा।** लिट आगरा संस्था की ओर से संजय प्लेस स्थित होटल फेयरफील्ड बाय मैरियट में लेखक एवं कला-संस्कृति उद्यमी संजय के. रॉय की चर्चित पुस्तक देयर इज ए घोस्ट इन माय रूमः लिविंग विद द सुपरनेचुरल के विमोचन और परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रहस्य, विज्ञान, अध्यात्म और मानवीय अनुभवों पर सार्थक संवाद हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पुस्तक विमोचन के साथ हुआ। पुस्तक का लोकार्पण डॉ. एसपी सिंह, हरविजय बाहिया, डॉ. रंजना बंसल, डॉ. संदीप अग्रवाल, प्रो. निबीर घोष, डॉ. अशोक शर्मा और डॉ. राजीव भाटिया ने संयुक्त रूप से किया। संचालन के दौरान निधि लाल ने लेखक का परिचय देते हुए उनके साहित्य, कला और संस्कृति के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संजय के. रॉय लंबे समय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं।

परिचर्चा में नीलम मेहरोत्रा और सुधा कपूर ने लेखक से अलौकिक अनुभवों, आत्माओं और अदृश्य संसार से जुड़े सवाल पूछे। जवाब में संजय के. रॉय ने कहा कि उनकी पुस्तक अंधविश्वास को बढ़ावा देने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में घटित उन अनुभवों का दस्तावेज है जिन्हें उन्होंने स्वयं महसूस किया। उन्होंने बताया कि बचपन में कोलकाता स्थित पैतृक घर में पहली बार किसी अदृश्य उपस्थिति का अनुभव हुआ था। इसके बाद देश-विदेश की यात्राओं के दौरान कई ऐसे अनुभव हुए, जिन्होंने उन्हें ज्ञात संसार से परे संभावनाओं पर विचार करने के लिए प्रेरित किया।

संजय के. रॉय ने बताया कि यह पुस्तक केवल भूत-प्रेत की कहानियों का संग्रह नहीं, बल्कि स्मृतियों, यात्राओं, मानवीय रिश्तों, हास्य, रोमांच और जीवन के अनुत्तरित प्रश्नों से जुड़ी एक संस्मरणात्मक यात्रा है।

हरविजय बाहिया ने कहा कि पुस्तक आत्मकथा, यात्रा-वृत्तांत और अलौकिक अनुभवों का अनूठा संगम प्रस्तुत करती है, जिसमें लेखक ने विभिन्न स्थानों पर हुए रहस्यमय अनुभवों का जीवंत वर्णन किया है। कार्यक्रम में मनीष बंसल, रजनीश खंडेलवाल, विनोद महेश्वरी, पूनम सचदेवा, राशि गर्ग, कविता अग्रवाल, मोहित महाजन, श्वेता बंसल और दिव्या गोयल सहित कई साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

# मजबूत परिवार ही सशक्त समाज की आधारशिला




एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद विक्रमादित्य शाखा की ओर से कुटुब प्रबोधन एवं बैठक का आयोजन संजय प्लेस स्थित होटल पीएल पैलेस में किया गया। बैठक का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, गृह मंत्रालय सदस्य विष्णु सैनी और संरक्षक हरी नारायण चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि विष्णु सैनी ने बताया कि वह समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के अपने उद्देश्य के लिए सतत लगे हुए हैं यदि हम सब लोग समाज सेवा करते रहे तो हम सबको एक सशक्त राष्ट्र और सुखद जीवन की प्राप्ति होगी मुख्य वक्ता योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि कुटुब प्रबोधन का सही अर्थ आज के बदलते परिवेश में परिवार के सभी सदस्यों के बीच संवाद, संस्कार और आपसी विश्वास बनाए रखना है। मजबूत परिवार ही सशक्त समाज और राष्ट्र की आधारशिला होते हैं, इसलिए प्रत्येक परिवार को भारतीय जीवन मूल्यों को अपनाकर आने वाली पीढ़ी को संस्कारित बनाने का प्रयास करना चाहिए। अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी व सचिव रामकिशोर शर्मा ने शाखा के सदस्यों को कुटुम्ब प्रबोधन के बारे में जानकारी दी और बैठक में नए सदस्यों का दायित्व ग्रहण कराया। इस अवसर पर डॉ. हरेन्द्र चौहान, अखिलेश दुबे, राकेश अवस्थी, नरेंद्र कुमार गुप्ता, हरेन्द्र चौहान, अशोक चौबे, डॉ. डी.वी. शर्मा, राजीव भटनागर, अतुल अग्रवाल, देवकीनंदन, शैलेन्द्र कुमार, ममता चतुर्वेदी, सीमा चतुर्वेदी, आशा शर्मा, सीता गुप्ता,

# वार्ड 73 में विकास कार्यों की सौगात

- विजय विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण का शुभारंभ
- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लगाई विकास की चौपाल
- जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन से बदल रही है उत्तर प्रदेश की तस्वीरः योगेंद्र उपाध्याय
- चौपाल के माध्यम से कैबिनेट मंत्री ने जनता से किया सीधा संवाद



एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए अलबतिया स्थित विजय विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य का भव्य शुभारंभ किया। इस विकास कार्य की सौगात देने के बाद कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय निवासियों के साथ आयोजित एक भव्य जनता की चौपाल में प्रतिभाग किया और क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। जनता की चौपाल को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार निरंतर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन और चौमुखी विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। मंत्री ने कहा कि अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना ही सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। सड़क निर्माण के इस ऐतिहासिक शुभारंभ और चौपाल कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई प्रमुख राजनेता, अधिकारी और स्थानीय लोग मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से मीनाक्षी वर्मा, पार्षद वार्ड संख्या 73, संतोषी लाल, महामंत्री शिवाजी मंडल, संजय शर्मा, ब्रज प्रदेश अधिकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ. प्रदीप उप्रेती वरिष्ठ चिकित्सक समाजसेवी, वी. के. शर्मा, हरी शंकर, अंकित गर्ग, अध्यक्ष विजय विहार कॉलोनीएस. डी. शर्मा, अनूप अग्रवाल ने जन चौपाल का संचालन किया।

# राकेश तिवारी एडवोकेट का किया स्वागत

एनएनआई



**आगरा।** श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के संरक्षक बनने पर हनुमान सभा गली तिवारी द्वारा राकेश तिवारी (एडवोकेट) का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभा के संरक्षक दाऊजी तिवारी और गोपीनाथ तिवारी द्वारा पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

लाल शास्त्री ने कहा कि राकेश तिवारी का समाज के सर्वोच्च पद पर मनोनीत होना हमारी सभा के लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विजय तिवारी ने कहा कि राकेश तिवारी हनुमान सभा के भी विभिन्न पदों पर रहे हैं और वर्तमान में हनुमान सभा के उपाध्यक्ष हैं। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि हमारी संस्था के उपाध्यक्ष, समाज की सर्वोच्च संस्था के संरक्षक नियुक्त हुए हैं।

राकेश तिवारी ने कहा, "मैं आप सभी का था, हूँ और हमेशा रहूँगा। किसी भी पद से कोई व्यक्ति बड़ा नहीं होता, व्यक्ति की अपनी कार्यशैली होती है। इस अवसर पर श्री बलदेव चतुर्वेदी, विनोद तिवारी, दाऊजी चतुर्वेदी, विपिन चतुर्वेदी, बालकिशन, नंदलाल चतुर्वेदी, गिरधर पाठक आदि मौजूद रहे।

